श्याम तेरी छवि | By Rajeev Bhuwania

ऐ मेरे श्याम सुनो थक गई आँखें मेरी
अब तो चारों ही तरफ दिख रही तेरी छवि
ऐ मेरे श्याम सुनो.....

तुझको देखु मैं किधर, मेरे अंदर ही है तू
मेरी साँसों में बसा मेरी हर सांस है तू
कैसे ढूँढू मैं तुझे, मेरा एहसास है तू
अब तो चारों ही तरफ दिख रही तेरी छवि
ऐ मेरे श्याम सुनो.....

हर कदम साथ है तू, मेरा हर कर्म है तू
चाहे मैं पुण्य करूँ चाहे मैं पाप करूँ
मेरे कर्मो में सदा मेरा साथी तू रहा
अब तो चारों ही तरफ दिख रही तेरी छवि
ऐ मेरे श्याम सुनो.....

मेरा जीवन है तेरा कुछ भी तो मेरा नहीं
क्यूँ ना इतराऊं बता मेरे दु:ख में तू खड़ा
कस्तूरी बन के छुपा कैसे मैं पाऊं बता
अब तो चारों ही तरफ दिख रही तेरी छवि
ऐ मेरे श्याम सुनो.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9b%e0%a4%b5%e0%a4%bf-by-rajeev-bhuwania/